विकास भारती बिशुनपुर
Newsletter
Vol-03, No-05 May, 2025

## कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला

विकास भारती बिशुनपुर द्वारा गुमला जिला अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र की शुरूआत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) के सह भागीदारी के साथ की गयी तथा ग्रामीण समुदाय एवं किसानों को नयी तकनीक के उपयोग से कृषि उत्पादकता को बढ़ाने एवं स्वावलम्बी बनाने का कार्य अथक रूप से कर रही है। परियोजना अंतर्गत मई माह में घागरा प्रखण्ड के 09 पंचायत चपका, चुंदरी, नौडीहा, घागरा, कुर्राग, आदर, सेहल, सारगो एवं देवाकी क्रमशः में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कृषक गोष्ठी आयोजिय की गयी जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला के वरीय वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को धान की सीधी बुवाई, लोचदार कृषि प्रभेदो, अंतर्वत्ति खेती, फसल विविधीकरण के साथ-साथ जल संरक्षण विषय पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम में कुल 1150 किसानों ने पुरे 09 पंचायतों से बढ़-चढ़ कर भाग लिया।




## झारखण्ड हाईइम्पैक्ट मेगावाटरशेड परियोजना (जीवी दाहासा)

झारखण्ड हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना विकास भारती बिशुनपुर द्वारा भारत ग्रामीण आजीविका फॉउण्डेशन, नयी दिल्ली सहयोग से शुरू किया गया है। इसके द्वारा लगभग एक लाख छोटे एवं सीमान्त किसानों की आय को दोगुना करने के साथ-साथ आजीविका और जलवायु लचीलापन को सुरक्षित करना प्रमुख लक्ष्य है। परियोजना अंतर्गत मई माह में पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन रांगे एवं चिरोडीह गाँव में किया गया जिसके अंतर्गत ग्रामीणों को जल एवं जंगल के महत्त्व को समझाया गया एवं किस प्रकार हम इन्हें संरक्षित कर सकते हैं इससे भी उपस्थित सभी को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में कुल 85 ग्रामीणों की उपस्थिति रही।




# वाड़ी परियोजना

विकास भारती बिशुनपुर द्वारा वाड़ी परियोजना का संचालन बिशुनपुर, कुचाई एवं दुमका क्लस्टर में किया जाना है जो की नाबार्ड द्वारा सम्पोषित है । जिसके अंतर्गत क्षेत्र के किसानों को चयनित कर उनके खेतों को गुणवत्ता युक्त बनाने का कार्य कर रही है। परियोजना का पहला चरण का कार्य बिशुनपुर एवं कुचाई क्लस्टर में चल रहा है। परियोजना अंतर्गत मई माह में चंपातोली एवं जेहनगुटवा में पशु चिकित्सा निमित्त एक-एक वेटनेरी कैंप लगाया गया। साथ ही पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम- कटिया, बिशुनपुर में जागरण गोष्ठी का आयोजन किया गया , जिसमें ग्रामीणों को जल एवं जंगल के महत्त्व को समझाया गया एवं किस प्रकार हम इन्हें संरक्षित कर सकते हैं इससे भी उपस्थित सभी को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में कुल उपस्थिति 35 लोगों की रही।




# जन शिक्षण संस्थान

संस्थान का मुख्य उद्देश्य गैर साक्षर, नव साक्षर के साथ साथ विद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों के कौशल की पहचान कर उन्हें व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। जन शिक्षण संस्थान, गढ़वा द्वारा मई माह में पर्यावरण जागरण अभियान के अंतर्गत गढ़वा, मेराल, रमना, नगरउटारी, बिशुनपुर, धुरकी एवं गढ़वा शहर क्रमशः सात प्रखंडों में कुल 83 स्थानों पर दीवार लेखन के साथ साथ 16 स्थानों पर जागरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 560 ग्रामीणों की उपस्थिति रही।




# गैर विभागीय प्रशिक्षण केंद्र (NDTC), बिशुनपुर

विकास भारती बिशुनपुर ने 29 दिसंबर , 2022 को बिशुनपुर में KVIC के सहयोग से गैर-विभागीय प्रशिक्षण केंद्र नामक एक अलग केंद्र की शुरुआत की जिसके अंतर्गत ग्रामीण स्थानीय लोगों विशेषकर युवाओं को बढ़ईगिरी , मधुमक्खी पालन , खाद्य प्रसंस्करण, वेल्डिंग , सिलाई आदि जैसे विभिन्न आयामों अंतर्गत स्थानीय स्तर पर कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे बाज़ार अनुरूप कौशल प्राप्त कर सकें। परियोजना अंतर्गत मई माह में बींत एवं बांस शिल्प निर्माण प्रशिक्षण के अंतर्गत कुल 80 प्रशिक्षणार्थियों के बीच टूल किट एवं प्रमाण पत्र दिनांक- 08 मई, 2025 को बिशुनपुर स्थित केंद्र में किया गया। साथ ही दिनांक- 20 मई, 2025 को विश्व मधु दिवस का आयोजन बिशुनपुर स्थित केंद्र में किया गया।




# स्किल इंडिया - कौशल रथ

स्किल इंडिया कौशल रथ परियोजना की शुरुआत सितम्बर, 2024 से विकास भारती बिशुनपुर द्वारा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से किया गया। इसका उद्देश्य रांची जिला अंतर्गत विद्यालय एवं महाविद्यालयों में जाकर वहां के छात्रों को गुणवत्ता आधारित उनके कौशल को बढ़ाना है। परियोजना अंतर्गत अप्रैल माह में कुल 336 विद्यार्थी जो की रांची जिले के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालयों से हैं को प्रशिक्षित किया गया है।



# जनजाति कौशल विकास परियोजना 1.0

विकास भारती बिशुनपुर द्वारा जनजाति कौशल विकास परियोजना 1.0 जो कि राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के द्वारा सम्पोषित है को झारखण्ड राज्य के चार जिले क्रमशः रांची, गुमला, सरायकेला एवं दुमका में बेड़ो, बिशुनपुर, कुचाई एवं दुमका क्लस्टर में जनजातीय समुदाय को कृषि, बहु कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षण देकर उन्हें व्यावसायिक रूप से दक्ष बनाने का कार्य कर रही है। परियोजना की शुरुआत 02 मई, 2024 को हुई एवं इसकी अवधी एक वर्ष की है जिसके अंतर्गत कुल 1080 जनजातीय लोगों को 25 अलग-अलग बैच बनाकर उन्हें प्रशिक्षित किया जाना है, जिसमें से सभी 25 बचों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। परियोजना अंतर्गत बिशुनपुर क्लस्टर में प्रशिक्षण प्राप्त सभी 270 प्रशिक्षणार्थियों जो की बैकयार्ड मुर्गी पालन, खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यमिता विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं को बिशुनपुर स्थित केंद्र के डॉ भीमराव आंबेडकर सभागार में श्रीमान समीर उरांव जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, जनजाति मोर्चा, भाजपा के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति में वितरित किया गया।




**Head Office,
Vikas Bharti Bishunpur**

Block : Bishunpur, Dist.- Gumla -835331

**Administrative Office :Vikas Bharti Bishunpur**

19 Gramayatan, Arogya Bhawan-1,Bariatu Road, Ranchi-834009

Vikasbharti1983@gmail.com

www.vikasbharti.in